जवाहर लाल नेहरू शताब्दी समिति द्वारा प्रकाशित नेहरू शताब्दी खण्ड का कापी राइट

@@1693ख. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जवाहर लाल नेहरू शताब्दी समिति द्वारा प्रकाशित नेहरू शताब्दी खण्ड का कापीराइट जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी को सौंप दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) पुस्तक का कापीराइट का अधिकार एक स्वायत्तशासी संस्था को सौंपे जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) इसकी रायल्टी किस संस्था को मिलती है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) से (घ) चूंकि कार्यान्वयन समिति एक अस्थायी संस्था थी और जल्द ही इसे बंद किए जाने की संभावना थी तथा नेहरू शताब्दी खण्ड जवाहर लाल नेहरू पर एक कृति थी, अतः यह आवश्यक समझा गया कि इसका कापीराइट होल्डर एक ऐसा संगठन होना चाहिए जो जवाहरलाल नेहरू के आदर्शों को बढ़ावा देता हो। ऐसी एक संस्था जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय है। अतः कार्यान्वयन समिति ने कापीराइट का अधिकार सरकार द्वारा निधिबद्ध स्वायत्त संस्था, नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिया। पुस्तक के मूल्य की 10% रायल्टी भी नेहरू स्मारक एवं पुस्तकालय को देय थी।

नेहरू शताब्दी समिति द्वारा राष्ट्रीय झंडे के मूल विकास के बारे में एक पोस्टर का प्रकाशित किया जाना

%1693ग. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेहरू शताब्दी समिति ने शताब्दी समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय झंडे की उत्पत्ति और विकास के संबंध में एक पोस्टर प्रकाशित किया था;

(ख) क्या उक्त पोस्टर में मुद्रित झंडे के चित्र में रह गई किसी गंभीर भूल का पता चला है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और मामले में किसकी जिम्मेदारी नियत की गई है; और

(घ) भूल को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही की गई थी ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) तत्कालीन भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ एवं जवाहर लाल नेहरू जन्म शताब्दी समारोह कार्यान्वयन समिति के ध्यान में पोस्टर में मुद्रित झंडे के चित्र में किसी गंभीर भूल को नहीं लाया गया था।

कम्प्यूटर प्रोसेसिंग से संस्कृत के महत्व का सिद्ध होना

@@@1693घ. **श्री अश्विनी कुमार :**
श्री राघवजी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश-विदेश में कम्प्यूटर प्रोसेसिंग और नए कम्प्यूटर शोध कार्यों में संस्कृत की महत्ता सिद्ध होने लगी है;

@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1073, 10 सितम्बर, 1991 से स्थानान्तरित।

%पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1074, 10 सितम्बर, 1991 से स्थानान्तरित।

@@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1250, 10 सितम्बर, 1991 से स्थानान्तरित।